## खास-खबरें

# भाजपा के कुछ नेता अपने को जनता से ऊपर समझने लगे हैं: पचौरी



सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने आज जारी बयान में कहा कि भाजपा के कतिपय नेता मंत्री पद पर रहते हुएभी जनता द्वारा मांगी गई जायज मांगों को भीख की संज्ञा देते हैं जो कि उनकी घिनौनी मानसिकता को दर्शाता है वे यह भूल गए हैं कि जनता के द्वारा दिए गए वोट से ही वे जीते हैं। जब जनता अपना अधिकार मांगती है तो उसे भीख मांगना कहकर जनता का अपमान करते हैं। मुख्यमंत्री मोहन को अपने इन मंत्री पर नकेल कसना चाहिए और जनता के सम्मान में इन्हें मंत्री पद से वर्खास्त करना चाहिए।

साथ ही अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि कमलनाथ इस देश के वरिष्ठ नेता हैं उनके बारे में भाजपा सांसद बंटी साहू द्वारा की गई टिप्पणी उनकी गंदी विचारधारा का परिणाम है। छिंदवाड़ा की जनता कमलनाथ के दिल में रहती है। बंटी साहू एक बार जीतकर शब्दों की मर्यादा भूल गए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान 8 मार्च को जिला शहर कांग्रेस के नेतृत्व में मंत्री प्रहलाद पटैल और सांसद बंटी साहू के बयानों के विरोध में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। आंदोलन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर प्रभारी एवं सह प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि भाजपा पने को संस्कारी पार्टी बताती है, जबकि उनके वरिष्ठ नेता अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं, वे भूल जाते हैं कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है, यह चुनाव के समय भिखारी बनकर जनता के सामने हाथ जोड़कर वोट की भीख मांगने जाते हैं लेकिन जब मंत्री पद पर आसीन हो जाते हैं तो वही जनता इनको भिखारी नजर आने लगी है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज



**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 6 मार्च को प्रात: 10:30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में प्रभारी अधिकारी राहत शाखा/राजस्व आंकिक/स्थापना शाखा/ए.एफ.सी./सी.एम. मानिट/भू अर्जन/नजारत शाखा/न्यायिक शाखा जिला सागर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन, अधीक्षक, भू-अभिलेख, तहसीलदार/अपर तहसीलदार/नायब तहसीलदार (समस्त), ई-गवर्नेंस मैनेजर, प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन, रीडर टू कलेक्टर/अपर कलेक्टर, कमल सोनी, संभागीय सलाहकार, आर.सी.एम.एस पोर्टल सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समीक्षा बैठक में आरसीएमएस प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन, रामंधी प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की समीक्षा, न्यायालयवार अतिक्रमण के दर्ज, निराकरण एवं अर्थदण्ड वसूली का पत्रक, विशेष राजस्व अभियान, गिरदावरी, वसूली प्रकरण, आबादी सर्वे (स्वामित्व योजना) की समीक्षा, सीएम किसान की प्रगति की समीक्षा, शिकायत सी.एम. हेल्प लाईन./लोक सेवा गारंटी/जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही व निराकरण की समीक्षा, भू-अर्जन एवं भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा, रजिस्ट्री उपरांत नामान्तरण, राजस्व अधिकारी की टूर डायरी व भ्रमण दैनदिनी की जानकारी, पटवारियों की अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर किये गये कार्य की डायरी, कार्यालय कलेक्टर की विभिन्न शाखाओं के द्वारा प्रेषित किये गये पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## वरिष्ठ चिकित्सक सतनाम सिंह के निधन उपरांत समाज सेवी अखिलेश मोनी केसरवानी ने श्रद्धांजलि अर्पित



सागर। सतनाम नर्सिंग होम,सतनाम वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरोन परिवार के मार्गदर्शक, जनसेवक मनी गुरोंन एवं डॉ अमनदीप चावल के पूज्य दादाजी सतनाम सिंह के निधन उपरांत राम सरोज समूह के संचालक उद्योगपति समाजसेवी अखिलेश मोनी केसरवानी ने मनी गुरोंन के सतनाम निवास पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। केशरवानी ने कहा कि सतनाम सिंह जी वरिष्ठ चिकित्सकों में से एक थे उनके मार्गदर्शन में कई डॉक्टर ने कार्य किया है। आज उनके दिखाए हुए मार्ग पर उनके नाती मनी गुरोन चल रहे हैं और समाज सेवा कर रहे हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग व कचरा फैलाकर स्वच्छता को प्रभावित करने वाले दुकानदार पर लगाया जुर्माना



सागर। नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के प्रभावी क्रियान्वयन और सागर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने हेतु किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने सिविल लाईन, रामपुरा वार्ड, विजय टाकीज तिराहा, राहतगढ़ बस स्टेण्ड, मोतीनगर चौराहा, शीतला माता मंदिर चौराहा एवं धर्मश्री पर नवनिर्मित संविधान चौक सहित शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता में लापरवाही करने वाले व्यापारी दुकानदार और नागरिकों, निगम के सामने दुकानदार पर 10000 रूपये, अभय चाट पर 5000 रूपये, अग्रवाल होटल पर 5000 रूपये, सिरवानी फ्रूट पर 5000 रूपये और होटल संचालक पर 5000 रूपये, जैन चाय संचालक पर 500 रूपये सहित कुल तीस हजार पांच सौ रूपये की चालानी कार्यवाही कराई। उन्होंने कहा की विगत कई वर्षों से लगातार साफ-सफाई अपनाने के लिए घर-घर प्रचार प्रसार कर सभी को जागरूक किया जा रहा है आज बड़ी संख्या में नागरिक जागरूक भी हुए हैं परन्तु कुछ नागरिक अब भी लापरवाही कर रहे हैं ऐसे लापरवाह नागरिकों को चिन्हित कर इन पर सतत चालानी कार्यवाही करें। शहर को साफ-स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है। भारतीय सांस्कृति में पुराने समय से ही साफ-सफाई का बड़ा महत्व रहा है और इसे विशेष तिथितों, त्योहारों से जोड़कर घर-घर गली मुहल्ले को साफ-स्वच्छ बनाने का कार्य किया जाता रहा है। पुराने समय में जब संसाधन नहीं थे तब हमारे बुजुर्ग अमावस्या और पूर्णिमा पर घरों की विशेष साफ सफाई करते थे। घरों के बाहर आँगन और गली तक लिपाई पुताई आदि करके अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ और सुंदर बनाये रखते थे। सिंगल यूज प्लास्टिक था नहीं तो धूल पत्ते के अतिरिक्त अन्य कचरा न के बराबर होता था। आज कचरे में सर्वाधिक सिंगल यूज प्लास्टिक ही दिखाई देता है जिसे नस्ट नहीं किया जा सकता। इस कचरे को रोकने का सबसे अच्छा उपाय सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करना है। सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण और मानव जीवन पर दुष्प्रभाव को देखते हुए शासन ने इसे पूरी तरह बैन किया है इसलिए सभी दुकानदार, व्यापारी व नागरिकों से अनुरोध है की सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी न करें, उपयोग करते पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी। बाजार में खरीदी करने के लिए कपड़े का थैला लेकर जाएं। डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न करें। उन्होंने रामपुरा वार्ड निवासियों से स्वच्छता संवाद किया और स्वच्छता के प्रति सजगता से साफ-सफाई रखने और जलस्त्रोत को स्वच्छ बनाये रखने के लिए स्थानीय रहवासियों की सराहना भी की।

## पीड़ित परिवार से मिले क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह

सागर। सुरखी थानांतर्गत ग्राम गुरैया अन्तर्गत बीते दिनों एक नाबालिग किशोरी की संदेहास्पद परिस्थितियों में शव मिलने की घटना हुई थी। मंगलवार को क्षत्रिय महासभा सागर के अध्यक्ष श्री लखन सिंह ग्राम गुरैया में पीड़ित परिवार से भेंट की। क्षत्रिय महासभा सागर के अध्यक्ष श्री लखन सिंह ने पीड़ित परिवार से जानकारी ली कि इस दुखद घटना वे क्या कार्रवाई कराना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया की अगर शीघ्र इस घटना के परिपेक्ष्य में प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो क्षत्रिय महासभा वे सभी कदम उठाएगा जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री कैंपों का अधिकारियों द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

सागर

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विकासखंडों में फार्मर रजिस्ट्री कैंपों का आयोजन किया गया है। जिसके सुचारू रूप से संचालन की प्रकिया पर निगरानी हेतु जिले स्तरीय अधिकारियों द्वारा कैंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र सिंह, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।



जनपद पंचायत राहतगढ़ के ग्राम पिपरिया चोर में एसडीएम श्री अशोक कुमार सेन ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया एवं संयुक्त कलेक्टर श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा खुरई के ग्राम निर्तला एवं ग्राम बारधा में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा की, अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

इसी क्रम में, फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप ग्राम ज़रिया खिरिया, गढ़ाकोटा तथा तहसील मालथौन के ग्राम अटा में भी संचालित हैं, जहां पंजीयन कार्य सुचारू रूप से जारी है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, इन शिविरों में आवश्यक संसाधन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जिससे अधिक से अधिक किसान अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकें।

## कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंडा सहित विभिन्न पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

सागर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंडा पदम कुमार जैन सहित बंडा, जैसीनगर, रहली, केसली एवं मालथौन की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय जारी जुमाना आदेश के अनुसार पदम कुमार जैन मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंडा, ओमप्रकाश साहू सचिव ग्राम पंचायत मनेशिया जैसीनगर, रामवती लोधी सचिव ग्राम पंचायत जालमपुर शाहगढ, भूपेन्द्र सिंह सचिव ग्राम पंचायत गडर बण्डा, हनुमत सिंह सचिव ग्राम पंचायत चीलपहाडी, बण्डा, रवीन्द्र पटेल सचिव ग्राम पंचायत अचलपुर रहली, मुन्सीलाल ब्राहिण, सचिव, ग्राम पंचायत खिरियाखवास रहली, रनवीर सिंह घुमेशी सचिव ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत समनापुरकलां रहली, रामगोपाल परिहार सचिव ग्राम पंचायत मोहली रहली, यशवंत सिह राजपूत सचिव ग्राम पंचायत चौका जनपद केसली, संतोष राजपूत सचिव ग्राम पंचायत थावरी उमरिया जनपद केसली, नवलकिशोर सचिव ग्राम पंचायत चौराडोंगरी जनपद केसली, लखन लोधी सचिव ग्राम पंचायत डोमा जनपद केसली, नारायण सिंह लोधी सचिव ग्राम पंचायत दिलहरी जनपद केसली, लेखन राय सचिव ग्राम पंचायत मेहका केरपानी जनपद केसली, मोहन लोधी सचिव ग्राम पंचायत ढावरी जनपद मालथौन एवं राम मनोहर सिंह, सचिव ग्राम पंचायत चकेरी जनपद मालथौन पर कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया।

मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपने अधिकार का उपयोग करते हुए, आर्थिक सांख्यिकी विभाग के प्रकरण को समय सीमा के अंदर निराकरण न करने, साथ ही इस हेतु पूर्व में भी पंचायत सचिवों को निर्देशित करने के उपरांत भी प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया हैं। साथ ही कारण बताओ नोटिस का भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया। उक्त कृत्य लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं।

## विधायक जैन ने दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया से मुलाकात की



सागर। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और संचार विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की, उन्होने मंत्री सिंधिया से सागर में बीएसएनएल 4 जी नेटवर्क की बेहतर सेवाओं के लिए टावर की संख्या बढ़ाने की मांग की और वर्तमान में जिन स्थानों पर 4जी सेवाएं चालू हुई हैं उनमें वॉयस कॉलिंग नेटवर्क की समस्या आ रही है उसको दुरुस्त करने,इसके अलावा सागर शहर के आसपास के क्षेत्रों में प्रस्तावित ओद्योगिक इकाइयों को बेहतर दूरसंचार सेवाएं देने हेतु अधिक से अधिक 4जी व 5जी टावर व अन्य आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाए जिससे बी एस एन एल का राजस्व बढ़े, उन्होंने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल का दुरुस्तीकरण करने जिससे एक कस्बे से दूसरे कस्बे में बेहतर कनेक्टिविटी हो सके, यात्रियों को सफर में बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ट्रैक क्षेत्र एवं हाइवेज पर नेटवर्क बढ़ाने के उद्देश्य से पुराने टावरों को क्रियान्वित करने की बात कही।

# अपनी क्षमता का विकास ही हमारे नारीत्व की पहचान है : डॉ. तिवारी

सागर।

**स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर एवं भारतीय स्त्रीषक्ति के संयुक्त तत्वाधान में दिनाँक 05 मार्च 2025 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस को दृष्टिगत करते हुए महिला सुरक्षा और हमारे दायित्व वर्तमान संदर्भ में विषय पर संगोष्ठी के आयोजन पर उपरोक्त वाक्य अपने अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय स्त्री शक्ति सागर, डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहे।**



मुख्य अतिथि श्रीमती आरती यादव जी की प्रशंसा में कहा कि अच्छा विचार ही हमारे जीवन की जननी है। हमें गर्व है की हम महिला है। हम जन्म देकर अंबा है और जब परिवार, समाज, राष्ट्र के हित में कार्य करते है तो हमारा स्वरूप जगदंबा का हो जाता है। अपने स्वप्न को साकार करने के लिए हमे छोटे-छोटे प्रयास करके बड़े लक्ष्य तक पहुँचना है। समाज की प्रत्येक गतिविधियों से हम अवगत हो और अपनी सक्रीय सहभागिता समाज में प्रस्तुत करें तभी राष्ट्रीय विकास में हमारा योगदान सार्थक होगा। आपने महिला स्वास्थ स्वाध्याय, स्वावलंबन, अपनी शिक्षा तथा अपने सम्मान का हम विषेष ध्यान दे यही हमारी जागरूकता का प्रमाण है। क्योंकि अपनी क्षमता का विकास ही हमारे नारीत्व की पहचान है। संगोष्ठी का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके उपरान्त स्वागत एवं संगोष्ठी का उद्देश्य संस्था की विभागाध्यक्ष हिन्दी, स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर डॉ. ममता सिंह द्वारा किया गया।

आपने भारतीय स्त्रीशक्ति एवं महिला दिवस के विषय को विस्तार से पटल पर रखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त कलेक्टर, सागर, जो अर्थषास्त्र से पारंगत है और स्वणपदक विजयता भी है, श्रीमती आरती यादव आपने कहा कि - हमने जो बंधने की आदत डाली है जन्म से मरने तक की हमें ऐसे बंध के नहीं रहना है। कोई और जंजीर हमें बांधे इसका अधिकार किसी को नहीं देनी चाहिए। अपनी चमक को खुद बरकरार रखों क्योंकि दुनिया आपकी चमक देखकर आँख बंद करने को तैयार बैठी है।

आपने शारीरिक स्वास्थय के बारे में बताते हुए कहा महिलाओं को सबसे पहले अपनी स्वास्थ का ध्यान रखना चाहिए एवं प्रोटीन की मात्रा को बढ़ाने के लिए कहा जिससे महिलाऐं स्वस्थ रहेंगीं। हममें बहुत सहन शक्ति होती है।

आज ऐसा दौर नहीं है कि महिला किसी कार्य को कर ना पाये, महिला आज के समय में सब कुछ कर सकती है। हमें अपने हृदय को स्वस्थ रखना चाहिए और आत्मा पर काम करना चाहिए। मुख्यत: आपके वक्तव्य का सारांष था कि महिला को अपनी प्रतिभा सदैव प्रदर्शित करनी चाहिए एवं सदा अपने लिए खुश रहे। इस अवसर पर संस्था की विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रबंध, डॉ. सुनीता दीक्षित की ओर से आभार ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुषमा द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शैलबाला बैरागी, श्रीमती शालिनी तिवारी, युवान चैनल से पधारी सुश्री शालिनी राजोलिया जिन्होंने मुख्य अतिथि एवं भारतीय स्त्री शक्ति की डॉ. प्रतिभा तिवारी जी का साक्षात्कार लिया। श्रीमती सुमन तिवारी, श्रीमती माधवी तिवारी, श्रीमती जाग्रति पटैरिया, श्रीमती विद्योत्मा महोविया, श्रीमती ज्योति गौतम, समस्त शैक्षणिक-अषैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम

### स्वामी विवेकानंद वार्ड में 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित मंगल भवन का लोकार्पण

# मातृ शक्ति हमारे समाज की धुरी है, इन्हें आदि शक्ति कहा जाता है: शैलेंद्र कुमार

सागर

वरिष्ठ विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने स्वामी विवेकानंद वार्ड में लगभग 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित बहुत ही भव्य और सुंदर मंगल भवन का फीता काट कर एवं विधि विधान से पूजन कर लोकार्पण किया,कार्यक्रम को मुख्य अतिथि वरिष्ठ विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि यह मंगल भवन सिर्फ ईंट, पत्थर और सीमेंट से बनी हुई बिल्डिंग नहीं है यह भारतीय जनता पार्टी के संवेदनशील, परिश्रमी और आपके प्रति समर्पित जन प्रतिनिधियों के मेहनत है,आप मंगल भवन के महत्व को समझ सकते हैं आप इसके मालिक हैं इसका रख रखाव और संरक्षण आपको करना है



ताकि आप और आपकी अगली पीढ़ियां इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस का कार्यकाल देखा है जब एक छोटा सा कमरा भी नहीं बन सका। उन्होंने कहा कि हम सभी हिंदू समाज में मातृ शक्ति हमारी धुरी है,जिसके इर्द गिर्द पूरा समाज घूमता है इसलिए कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते,रमंते तत्र देवता,आज हम जिस स्वर्णिम युग में हैं जब इस बात को चरितार्थ कर रहा है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी तरह का वातावरण दिया है।

कार्यक्रम को पार्षद याकृति जड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज आप लोग जिस जगह पर इतना सुंदर भवन देख रहे हैं, यह स्थान यहां के रहवासियों के लिए नर्क के समान था यहां पर एक शौचालय हुआ करता था जो कि पूरी तरह से चोक था और यहां पर गन्दगी का आलम रहता था,तब मैने अपने बड़े भाई और लोकप्रिय विधायक शैलेंद्र भैया से आग्रह किया कि यहां पर एक सामुदायिक भवन बनाया जाए तब मुझे ओर यहां के लोगों को कल्पना भी नहीं थी कि यहां पर इतना सुंदर और इतना बड़ा मंगल भवन भी बन सकता है,लेकिन हमारे भैया ने दिल खोलकर देते हुए 40 लाख रुपए का सामुदायिक मंगल भवन दिया,हम सभी वार्डवासी दिल से उनका आभार व्यक्त करते हैं, कार्यक्रम को निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विधायक जी जिस वार्ड में रहते हैं वहां गरीब तबका निवास करता है जो अपने सामाजिक कार्यक्रमों को करने के लिए कर्ज लेकर टेंट लगाता था इस स्थिति को देखकर उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से विशेष राशि स्वीकृत कराई जिसका सबसे ज्यादा लाभ हम लोगों को हुआ है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं,उन्हें 50 लाख का मंगल भवन अपने कार्यक्रमों के लिए बहुत ही कम राशि पर उपलब्ध होगा, उनकी सोच यही समाप्त नहीं होती है 8- 8 करोड़ रुपए की लागत से वह 2 ऑडिटोरियम का भी निर्माण कर रहे हैं जिसमें एक तिली चौराहे पर और दूसरा खुरई रोड पर बना रहे हैं जिसमें हर वह सुविधा उपलब्ध होगी जो आज बड़े बड़े प्राइवेट ऑडिटोरियम में होती है,इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया,एम आई सी सदस्य धर्मेंद्र खटीक,मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, नीलम अहिरवार, विक्रम सोनी,सतीश जैन, प्रहलाद पटेल, पूजा राधेश्याम सोनी, विशाल खटीक, डा दशरथ मालवीय, विष्णु खटीक,अंशुल हर्षे, नितिन सोनी,गोपी पंथी, रामेश्वर नेमा, नरेंद्र साहू आदि मौजूद थे।